P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, मंगलवार 24 मार्च 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 125
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

कनाडिया से 12 सैंपल दुकानदारों में हड़कंप



पेज-2

श्रीलीला ने कार्तिक आर्यन के लिए कही बात



पेज-5

ग्लास फाइबर से बन रही है सड़क



पेज-6


**अपेक्षाओं पर खरा नहीं : नया स्वच्छता गीत फीका पड़ा, शहरवासियों को नहीं कर पा रहा प्रेरित**

# 'सुनो दीदी-सुनो भइया...' नहीं भा रहा है इंदौरियों को

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देशभर में स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार अग्रणी रहने वाले इंदौर में नगर निगम द्वारा हाल ही में लॉन्च किया गया नया स्वच्छता गीत शहरवासियों की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पा रहा है।

***सुनो दीदी-सुनो भइया,***
***जान है हमारी और शान है हमारी***
***स्वच्छता में अव्वल पहचान है हमारी***
***इंदौर से ही दौर ये हुआ है शुरू***
***स्वच्छता के हम बन गए हैं गुरु***

जहां पहले स्वच्छता गीत लोगों की जुबान पर चढ़ जाते थे और अभियान को जन-आंदोलन का रूप देते थे, वहीं इस बार जारी गीत को लेकर नागरिकों में खास उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है।

पुराने गीतों ने बनाया था माहौल इंदौर में स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में स्वच्छता गीतों की अहम् भूमिका रही है। प्रसिद्ध गायक शान द्वारा गाया गया 'हो हल्ला-हो हल्ला' गीत आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय है। इसके अलावा पिछले वर्ष लॉन्च स्वच्छता गीत को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी, जिसने शहरवासियों को काफी प्रेरित किया था। इन गीतों की खासियत




उनकी सरल शब्दावली, स्पष्ट आवाज और आकर्षक संगीत रहा, जिससे वे आसानी से लोगों की जुबान पर चढ़ गए।

**नए गीत में नहीं दिख रहा असर :** वर्तमान में लॉन्च किया गया नया गीत न तो शब्दों के स्तर पर प्रभावशाली है और न ही संगीत संयोजन के मामले में आकर्षक। कई नागरिकों का कहना है कि गीत में वह ऊर्जा और संदेश नहीं है, जो लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर सके। कचरा संग्रहण वाहनों पर बजने के बावजूद यह गीत लोगों को बाहर निकलने और सहभागिता के लिए प्रेरित नहीं कर पा रहा।

**स्वच्छता अभियान पर पड़ सकता है असर :** विशेषज्ञों का मानना है कि स्वच्छता जैसे जनजागरूकता अभियानों में गीत, स्लोगन और रचनात्मक माध्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि गीत प्रभावी न हो तो इसका असर नागरिकों की भागीदारी पर भी पड़ सकता है।

**नगर निगम से बढ़ी अपेक्षाएं :** शहरवासियों की मांग है कि इंदौर की पहचान के अनुरूप स्वच्छता गीत तैयार किया जाए, जिसमें बेहतर शब्द, मधुर संगीत और प्रभावशाली आवाज हो। उनका कहना है कि स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण अभियान के लिए ऐसा गीत होना चाहिए, जो लोगों को प्रेरित करे, उत्साहित करे और शहर की गरिमा को बनाए रखे।



## सांस लेने में दिक्कत... कुछ घंटों में इंदौर के सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल पहुंचेगा आसाराम!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अपने 'कुकर्मों' के चलते जेल की हवा खा रहा आसाराम सोमवार रात जोधपुर से इंदौर पहुंचा था... खबर है कि वह आज मंगलवार को कुछ घंटों बाद यहां के सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल पहुंचेगा... 86 वर्षीय आसाराम को सांस लेने में तकलीफ है, जिसके चलते वह इंदौर ईलाज कराने आया... फिलहाल वह कल शाम से अपने खंडवा स्थित आश्रम में है... कल शाम जब वह इंदौर एयरपोर्ट पहुंचा तो वहां भी उसके अनुयायी आसाराम का स्वागत करने पहुंच गए और कईयों ने स्वागत किया भी... हालांकि पुलिसिया पहरे के कारण अधिकांश इसमें सफल नहीं हो सके... अब शाम आश्रम में भी अनुयायियों की भीड़ उमड़ सकती है... बता दें छह माह पूर्व भी आसाराम इसी तरह इलाज कराने पांच दिन के लिए इंदौर पहुंचा था..!

# एआई की नजर में आएगा ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यूअल, 'डुप्लीकेट पहचान' पर लगाम

## पुराने फोटो से लाइव चेहरे का मिलान, फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नई तकनीक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण में अब परिवहन विभाग एआई आधारित फेस वेरिफिकेशन सिस्टम लागू करने जा रहा है, जिसके जरिए लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान पुराने रिकॉर्ड और वर्तमान चेहरे का डिजिटल मिलान किया जाएगा। नई व्यवस्था में जैसे ही कोई आवेदक 15 साल बाद लाइसेंस रिन्यू के लिए आवेदन करेगा, सिस्टम उसके पुराने लाइसेंस पर दर्ज फोटो को एआई तकनीक से स्कैन कर वर्तमान चेहरे से मैच करेगा। यदि दोनों में समानता नहीं पाई जाती तो प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी। इससे दूसरों के नाम पर लाइसेंस नवीनीकरण कराने जैसे मामलों पर रोक लगेगी। आवेदक को आरटीओ कार्यालय भी जाना पड़ेगा। अब तक केवल ऑनलाइन आवेदन पर लाइसेंस रिन्यू हो रहे थे।




परिवहन विभाग के अफसरों के अनुसार मुख्यालय को लगातार शिकायत मिल रही थी कि फेसलेस सुविधा के बावजूद कुछ मामलों में पहचान को लेकर संदेह बना रहता था, जिसका फायदा दलाल और फर्जी आवेदक उठाते थे। एआई वेरिफिकेशन के बाद यह गुंजाइश लगभग खत्म हो जाएगी। परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देश पर यह सिस्टम राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के सहयोग से तैयार किया गया है, जिसे कुछ समय बाद प्रदेशभर के आरटीओ में शुरू किया जाएगा। अभी भोपाल आरटीओ में इसका ट्रॉयल किया रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इस तकनीक से न सिर्फ फर्जी लाइसेंस पर लगाम लगेगी, बल्कि विभाग की पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

### ऐसे होगा ऑनलाइन रिन्यूअल

ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू कराने के लिए आवेदक को परिवहन पोर्टल पर जाकर ड्राइविंग लाइसेंस रिलेटेड सर्विसेज विकल्प चुनना होगा। इसके बाद राज्य के रूप में मध्यप्रदेश का चयन कर अप्लाई फॉर डीएल रिन्यूअल पर क्लिक करना होगा। यहां डीएल नंबर और जन्मतिथि दर्ज करने के बाद जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। इनमें फॉर्म-9 और पुराना लाइसेंस शामिल है। इसके बाद ऑनलाइन फीस जमा कर आरटीओ में दस्तावेज सत्यापन के लिए अप्वॉइंटमेंट बुक करना होगा। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब लाइसेंस रिन्यूअल में पारदर्शिता बढ़ेगी और फर्जीवाड़े की गुंजाइश लगभग खत्म हो जाएगी।

### न्यूज ब्रीफ

- गुजरात : विधानसभा मे आज यूसीसी बिल पेश करेंगे डिप्टी सीएम
- बढ़त के साथ खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स करीब 1000 अंक ऊपर खुला
- ईरान ने अमेरिका के 'शाहिद-क्लोन' ड्रोन को मार गिराने का दावा किया
- कोलंबिया विमान दुर्घटना में मरने वालों की 66 हुई
- टेक्सास के पोर्ट आर्थर स्थित वलेरो रिफाइनरी में जोरदार ब्लास्ट
- अमेरिका : टेक्सास में मौजूद तेल रिफाइनरी में लगी आग
- सऊदी अरब ने पूर्वी प्रांत में कम से कम 19 ड्रोन नष्ट किए
- कुवैत में इंटरसेप्शन से गिरे मलबे से बड़ा नुकसान, सात बिजली ट्रांसमिशन लाइनें बंद
- लंदन : यहूदी चैरिटी की चार एम्बुलेंस में लगाई आग, जांच में जुटी पुलिस
- कोलकाता : बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज चुनावी तैयारियों का जायज़ा लेंगे

# बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष श्याम टेलर की नगराध्यक्ष मिश्रा विधायक गौड़ ने की शिकायत, इंदौर दौरा निरस्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पद संभालने के बाद श्याम टेलर का इंदौर को लेकर पटरी नहीं बैठ रही है। वह 23 मार्च को इंदौर आ रहे थे, लेकिन फिर यहां की राजनीति ने उनकी जमकर किरकिरी करा दी। टेलर इंदौर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की मशाल रैली में आ रहे थे। इसे देख युवा मोर्चा के दावेदारों ने बड़ा गणपति क्षेत्र में रैली की तैयारी भी कर ली। लेकिन इसी बीच बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के पास शिकायतें पहुंची और जमकर फटकार पड़ी, आखिर दौरा निरस्त हो गया।

### विधायक और नगराध्यक्ष ने की बात

इस रैली को लेकर सबसे पहले तो इंदौर विधानसभा चार की विधायक व पूर्व महापौर मालिनी गौड़ की ओर से फोन गया। प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल को गौड़ ने कहा कि उनकी विधानसभा में यह रैली हो रही है और उन्हें ही जानकारी नहीं है। वहीं, नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी प्रदेशाध्यक्ष को बताया कि इस दौरे की जानकारी उन्हें नहीं है और उनसे बात नहीं की गई है।



### कई दावेदार रैली की तैयारी में जुट गए

युवा मोर्चा की कार्यकारिणी आना है। इसके लिए इंदौर से नयन दुबे, प्रखर दवे, मयूरेश पिंगले, धीरज सिंह ठाकुर सहित कई दावेदार है, जो लाबिंग में लग गए। मंशा थी की भव्य रैली निकाली जाए और जमकर फूल, मंच से स्वागत किया जाए।

### भागीरथपुरा कांड, अग्निकांड के बाद पिटती भद

वहीं इंदौर में दिसंबर-जनवरी में हुई भागीरथपुरा कांड और हाल ही में बंगाली चौराहे पर हुए अग्निकांड में आठ मौतों को लेकर शहर में माहौल ठीक नहीं है। हाल ही में बीजेपी प्रशिक्षण शाला में ही नेताओं का एक डांस वीडियो ने भद पिटवा दी थी। इसके बाद यह रैली निकालने से माहौल और खराब जाता। इसे देखते हुए और शिकायतों के बाद खंडेलवाल ने टेलर को जमकर फटकार लगा दी। कहा कि पहले ही समझाया जा चुका है कि स्वागत रैली वगैरह नहीं निकालना है। इसके बाद यह सब क्यों हो रहा है, इसे तत्काल बंद करो। फिर बाद में खंडेलवाल ने एक बार और फोन किया और इंदौर दौरा निरस्त करने के लिए कहा। इस फजीहत के बाद दौरा निरस्त हो गया।

**सुस्त हुआ संगठन** सामाजिक समीकरण साधने के चलते हो रही देरी

# चार महीने बाद भी भाजपा की मोर्चा कार्यकारिणी अधूरीं, महिला प्रतिनिधित्व पर उठ रहे सवाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में जुटी है। भाजपा नियुक्तियों में सामाजिक समीकरण भी साधना चाहती है। इससे नियुक्ति प्रक्रिया में देरी भी हो रही है। मोचां अध्यक्षों की घोषणा भाजपा ने चार महीने पहले कर दी, लेकिन इन मोचों की पूरी कार्यकारिणी अब तक घोषित नहीं हो पाई है। भाजपा की सबसे अहम कड़ी युवा मोर्चा की कार्यकारिणी का इंतजार लंबे समय से युवा कार्यकर्ता कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल चुनाव से पहले अपनी टीम को मजबूत करने में जुटे हुए है। पिछले साल अगस्त से जिला स्तर पर कार्यकारिणी को मजबूत




करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिला कार्यकारिणी का गठन भी लंबा खिंचा। भाजपा को प्रदेश के 62 जिलों की कार्यकारिणी घोषित करने में आभा साल लग गया। इस दौरान भोपाल समेत कई जिलों में कार्यकारिणी घोषित होने के बाद विवाद की स्थिति बनी। मोर्चा अध्यक्षों की मोषणा पिछले साल नवंबर में हो गई थी। इसके बाद से मोर्चा की कार्यकारिणी अटकी हुई थी। अब तीन मोचों की कार्यकारिणी भोषित की गई है। यह भी अधूरी। भाजपा ने दो दिन पहले महिला मोर्चा, पिछड़ा मोयां और अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यकारिणी भोषित की है। इनमें से महिला मोर्चा और पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्षों की घोषणा नहीं हो पाई है। वहीं अनुसूचित जनजाति मोर्चा में सिर्फ 21 जिलों के जिला अध्यक्षों की घोषणा हो पाई है।

### मोर्चा जिला अध्यक्षों की नियुक्ति लिए मांगे हैं नाम

भारतीय जनता पार्टी संगठन को बूथ और मंडल स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर काम करने का दावा कर रही है। इसके लिए प्रशिक्षण अभियान भी चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए नए कार्यकर्ताओं, खासकर युवाओं और महिलाओं को सक्रिय किया जा रहा है। साथ ही उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारियां भी सीपी जा रही हैं। इसके तहत विभिन्न मोचों-युवा, महिला, किसान, अनुसूचित जाति और जनजाति मोर्चा को भी मजबूत करने में जुटी है। इनमें जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए कोर कमेटी से प्रत्येक पद के लिए तीन-तीन नाम मांगे गए हैं।

**भाजपा पिछड़ा मोर्चा में महिलाओं को स्थान नहीं :** भाजपा ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा और अनुसूचित जनजाति मोर्चा में महिला कार्यकर्ताओं की अनदेखी की है। भाजपा की पिछड़ा मोर्चा की कार्यकारिणी में 36 नियुक्तियों की गई है। इसमें एक भी महिला कार्यकर्ता को स्थान नहीं मिला है। वहीं अनुसूचित जनजाति मोर्चा में 21 जिला अध्यक्षों की नियक्ति की गई। इनमें से सिर्फ देवास जिले में महिला को जिला अध्यक्ष बना गया है। अन्य किसी भी जिले में महिलाओं को जिम्मेदारी नहीं दी गई है।

**बढ़ा गर्मी का सितम...**



इंदौर। शहर में फिर दिखने लगा है तपती गर्मी का असर।

**न्यूज ब्रीफ**

## निवा बूपा ने कॉफी टेबल बुक लॉन्च

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भारतीय हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर में अपनी तरह की पहली पहल करते हुए, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने अपने एडवाइजर्स की प्रेरणादायक यात्राओं को समर्पित एक कॉफी टेबल बुक लॉन्च की है—ये वे अनसुने नायक हैं जो परिवारों के स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पुस्तक 40 एडवाइजर्स की सशक्त और भावनात्मक कहानियों को सामने लाती है, जिनमें ऐसे कई क्षण शामिल हैं जब उन्होंने केवल पॉलिसी बेचने से आगे बढ़कर मेडिकल इमरजेंसी में परिवारों का साथ दिया, जटिल डॉक्यूमेंटेशन में मदद की और जीवन के सबसे कठिन समय में क्लेम प्रोसेस को सहज बनाया।

## समय-सीमा प्रकरणों (टीएल) के निराकरण हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण तथा विभिन्न प्राथमिकता वाले विषयों की समीक्षा हेतु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से राजस्व अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि जिले में 28 फरवरी तक लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से किया जाए।

## आज पूरे प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्रों में होगा समारोह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को नई पहचान देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। राज्य में पहली बार आंगनवाड़ी केंद्रों में शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 5 से 6 आयु वर्ष के बच्चों को 'विद्यारंभ प्रमाण-पत्र' प्रदान कर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया जाएगा। प्रदेश में 24 मार्च को आयोजित होने वाले बाल चौपाल के अवसर पर प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में एक साथ समारोहपूर्वक प्रमाण-पत्र वितरण किया जाएगा।

# बिजासन माता मंदिर की 121 एकड़ जमीन सिमटकर 2 एकड़, एयरपोर्ट विस्तार के बीच पार्किंग-पानी संकट और नवरात्रि मेले पर खतरा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • बिजासन माता होलकर राजवंश के समय से शहर की कुलदेवी रही हैं। राजवंश ने मातारानी के लिए 121 एकड़ जमीन आरक्षित की थी। समय के साथ अलग-अलग विभागों को जमीनें आवंटित होने से अब टेकरी पर सिर्फ 2 एकड़ जमीन ही बची है। इतनी कम जगह में यहां नवरात्र में लगने वाला मेला भी सिमटने लगा है। अगले साल से मेले पर भी संकट है।

टेकरी पर तालाब को सीमेंट-कांक्रीट से ढंक दिया है। पार्किंग की जमीन भी कम पड़ने लगी है। मंदिर बचाओ अभियान के तहत बिजासन सांस्कृतिक चेतना सेवा समिति द्वारा सोमवार से मंदिर





परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र पोतदार ने बताया एयरपोर्ट के पास स्थित तिराहे से मंदिर तक वाहन या पैदल पहुंचने का सीधा मार्ग है। यह सड़क आगे चलकर धार रोड से मिलती है। अब यहां की जमीन एयरपोर्ट विस्तार के लिए आवंटित कर दी गई है। इस कारण इस सड़क को बंद किया जा रहा है। वैकल्पिक मार्ग पैदल चलने वालों के लिए लंबा होगा।

**नाहर गुफा और भेरू बाबा मार्ग भी बंद हुआ**–समिति संरक्षक विजय सिंह परिहार ने बताया मंदिर की स्थापना काल से भेरू बाबा का मंदिर एवं नाहर गुफा है। दो साल पहले तक श्रद्धालु यहां जाते थे। अब वहां रहवासी क्वार्टर बनने से मार्ग बंद कर दिया है। मजबूरी में मंदिर परिसर में भेरू बाबा की अन्य मूर्ति स्थापित करना पड़ी। पहले बच्चों को शेर की गुफा से गुजरना काफी रोमांचक लगता था।

**सीढ़ियां भी असुरक्षित हैं**–पुजारी अशोक वन गोस्वामी ने बताया यह विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां माता के नौ स्वरूपों की प्रतिमाएं स्वयंभू प्रकट हैं। यहां एनजीटी के निर्देशों को ताक में रखकर मंदिर के तालाब पर 1.31 करोड़ की लागत से पक्का निर्माण कर प्राकृतिक स्वरूप को खत्म कर दिया है।

**मेला धर्मस्व विभाग की सूची में**–शासन के रिकॉर्ड में आज भी बिजासन रमणा नाम से मंदिर की 750 एकड़ से अधिक जमीन दर्ज है। यहां लगने वाला मेला भी धर्मस्व विभाग की सूची में शामिल है। अब मेट्रो को बिजासन तिराहे के पास करीब 3 एकड़ एवं एयरपोर्ट को 15 एकड़ जमीन आवंटित की है। पेयजल का भी स्थायी इंतजाम नहीं है।

# डॉ. दिलीप आचार्य को दिया लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

### चिकित्सा क्षेत्र में उन्होंने उत्कृष्ट योगदान दिया है



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर के प्रतिष्ठित सर्जन डॉ. दिलीप कुमार आचार्य को चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए इंदौर सर्जन्स लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंदौर सर्जन्स रिसर्च फाउंडेशन द्वारा एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (एएसआई) के इंदौर सिटी चैप्टर के वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आरके माथुर, डॉ. नरेंद्र पाटीदार, डॉ. राकेश शिवहरे, डॉ. अक्षय शर्मा, डॉ. मनीष खासगीवाला और डॉ. निकुंज जैन सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। डॉ. अपूर्व चौधरी व डॉ. प्रणव मंडोवरा की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अद्वैत प्रकाश ने किया। 25 वर्षों से अधिक सेवा का सम्मानः सचिव ट्रस्टी डॉ. नरेंद्र पाटीदार ने बताया कि यह पुरस्कार उन वरिष्ठ सर्जनों को दिया जाता है, जिन्होंने 25 वर्षों से अधिक समय तक मरीजों की सेवा में समर्पित योगदान दिया हो। वर्ष 2005 से शुरू इस सम्मान से अब तक कई वरिष्ठ सर्जनों को नवाजा जा चुका है।

# ताबड़तोड़ छापे, कनाडिया से 12 सैंपल जब्त-दुकानदारों में हड़कंप

### दूध में जहर घोलने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन टीम का चला बड़ा अभियान, अब रिपोर्ट के बाद होगी सख्त कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आंध्रप्रदेश में मिलावटी दूध पीने से 16 लोगों की मौत के बाद इंदौर में जहर घोलने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा एक्शन शुरू हो गया। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने सोमवार को कनाडिया क्षेत्र में सघन और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए डेयरी प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल 12 संदिग्ध सैंपल जब्त किए गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। अभियान के तहत अधिकारियों ने एक-एक डेयरी पर पहुंचकर न सिर्फ दूध की गुणवत्ता जांची, बल्कि साफ-सफाई और स्टोरेज की स्थिति का भी बारीकी से निरीक्षण किया। जोशी दूध दही भंडार (सविद नगर, कनाडिया रोड) से 4, ओसवाल डेरी से 3, गणेश दूध दही भंडार (स्वामी विवेकानंद नगर) से 3 और पूजा डेरी (वैभव नगर) से दूध व मावा के 2 नमूने लिए गए।





**मिलावटखोरों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई:** टीम की अचानक दबिश से कई डेयरी संचालकों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई जगहों पर संचालक व्यवस्था सुधारते नजर आए, तो कुछ प्रतिष्ठानों में खामियां भी सामने आई, जिन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि उपभोक्ताओं को मिलावटी या असुरक्षित खाद्य पदार्थ परोसने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, सभी सैंपलों को विस्तृत परीक्षण के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी भी नमूने में मिलावट या मानकों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भारी जुर्माना और लाइसेंस निरस्तीकरण तक शामिल हो सकता है।

प्रशासन ने साफ किया है कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि लगातार चलने वाली सख्त मुहिम का हिस्सा है। आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की आकस्मिक जांच और सैंपलिंग की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं मिलावटी दूध या संदिग्ध खाद्य पदार्थ की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## शहीद दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहीद ए आज़म भगत सिंह राजगुरु सुखदेव की 96 व शहीद दिवस नेताजी सुभाष मंच एवं गीता रामेश्वर ट्रस्ट के तत्वाधान में आदर्श हनी हनी पब्लिक स्कूल के परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने भगत सिंह राजगुरु सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को नमन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेताजी सुभाष मंच के अध्यक्ष समाजसेवी मदन पर मालिया ने बच्चों को बताया यह तीनों वीर सपूतों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी थे हमें अपने देश और समाज के लिए कुछ अच्छा करने के लिए संकल्प लेना चाहिए इस अवसर पर राजेंद्र बाबेल , संजय जयंत, मुन्ना लाल यादव थे अतिथि स्वागत स्कूल वाइस प्रिंसिपल अर्चना सोनी पुष्पा महाजन काजल गुप्ता पिंकी महाजन आदि ने किया कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र ने किया आभार माना वंशिका चंदेल।

## जेनत्व बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • साधना नगर स्थित पंचबालयति जिनालय परिसर में सुबह भक्ति, उत्साह और संस्कारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातः 6:30 बजे से ही बच्चों का आगमन प्रारंभ हो गया और सुबह 7:00 बजे तक पूरा परिसर बच्चों से खचाखच भर गया। वातावरण में धार्मिक उल्लास के साथ बच्चों के चेहरों पर सीखने का उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि आध्यात्मिक संस्कारों, जीवन जीने की कला और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने के उद्देश्य से 26वें जैनत्व बाल संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ 22 मार्च से किया गया। आठ दिवसीय इस शिविर में 6 से 20 वर्ष तक के 550 से अधिक बच्चे एवं युवा भाग ले रहे हैं। विभिन्न कक्षाओं के माध्यम से उन्हें धर्म, संस्कृति, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा के साथ-साथ लौकिक शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। शिविर में देशभर से आए 17 शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण विद्वान एवं स्थानीय शिक्षक प्रशिक्षण दे रहे हैं। बच्चों के संस्कार निर्माण हेतु पं. रितेश शास्त्री (सनावद), पं. अशोक मांगुलकर (राघौगढ़), पं. सौरभ शास्त्री, पं. गौरव शास्त्री सहित अन्य विद्वान विशेष कक्षाएं ले रहे हैं।

## ड्रेनेज के पानी से होकर मंदिर जाना पड़ता है



इंदौर। छोटा बांगड़दा के वार्ड 16 के राम लक्ष्मण जानकी मंदिर से आगे सामुदायिक भवन बनना था जो नहीं बना। वहां लोगों ने कूड़ा कर्कट इकट्ठा कर दिया है। गाव के पश्चिम दिशा से आ रही ढलान वाली सड़क पर ड्रेनेज का गंदा पानी बहता है। रोजाना पूजा-पाठ करनेजाने वाले गंदे पानी मेंहोकर मंदिर तक पहुंचते है।

## कुंए-बावडिया हमारी संस्कृति का हिस्सा है-सिलावट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जल की महत्ता का रेखांकित करते हुए कहा कि जल ही जीवन है और यह अनमोल है। जल के संरक्षण के बिना हमारे अस्तिव की कल्पना संभव नहीं है। जल है तो कल है। जल ससांर की पहली और सर्वोत्तम औषधि है। मंत्री सिलावट ने कहा कि पृथ्वी पर लगभग 71 प्रतिशत भाग जल से ढँका हुआ है, लेकिन इसमें से मात्र 2.5 प्रतिशत ही मीठा पानी है, उसमें भी बहुत कम हिस्सा ही पीने योग्य है। नदियां, तालाब, कुंए और बावडिया हमारी संस्कृति, सामाजिक विकास और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा हैं, इनकी उपेक्षा से हमारी सभ्यता का भी नुकसान हो रहा है।

## शहीद भगत सिंह-हेमू कालानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं सांसद शंकर लालवानी द्वारा शहीद हेमू कालानी की जयंती के अवसर पर कलेक्टर चौराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा तथा शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर राजमोला चौराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती कंचन गिद्वानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।



कार्यक्रम के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहीद हेमू कालानी एवं शहीद भगत सिंह के अद्वितीय साहस और देशभक्ति को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अल्पायु में ही देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर युवाओं के लिए प्रेरणा का अमिट उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हेमू कालानी एवं शहीद भगत सिंह का जीवन हमें राष्ट्रप्रेम, त्याग और समर्पण की भावना से ओत-प्रोत होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

सांसद शंकर लालवानी ने भी अपने संबोधन में शहीद हेमू कालानी एवं शहीद भगत सिंह के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका बलिदान देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## वर्षों तक प्रदेश के चौतरफा विकास में सहभागी रहे पेंशनरों को सरकार समुचित सम्मान और जायज अधिकार दे-श्री दुबे



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रदेश के पांच लाख तथा केंद्र सरकार के लाखों पेंशनरों ने लगन, निष्ठा से प्रदेश एवं देश के चौतरफा विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है और वे सदा प्रगति में सहभागी रहें हैं। इसलिए उन्हें सरकार द्वारा समुचित सम्मान और जायज अधिकार मिलना ही चाहिए। उक्त बात वरिष्ठ नागरिक पेन्शनर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष एड. राजकुमार दुबे ने मां शारदा की पवित्र नगरी मैहर में आयोजित एसोसिएशन के प्रांतीय अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये।

## मुख्यमंत्री ने अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूत, अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जी के शहीद दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान का राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा। आपके सपनों का भारत निर्मित करने के लिए देशवासी अंतिम सांस तक संकल्पित योगदान देंगे।

## महर्षि गौतम जयंती एवं भारतीय नववर्ष पर उमड़ा उत्साह, समाज की विभूतियों का हुआ 'समाज रत्न' सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सांस्कृतिक संगठन द्वारा आराध्य देव महर्षि गौतम जयंती एवं भारतीय नववर्ष (गुड़ी पड़वा) के पावन अवसर पर भव्य 'महर्षि गौतम सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। चाणक्यपुरी चौराहा स्थित नवनिर्मित 'महर्षि गौतम उद्यान' के मनोरम वातावरण में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में समाज की विभिन्न श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सांस्कृति क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, मंगलवार 24 मार्च 2026

न्यूज ब्रीफ

## ‘अवध लोक’ पर निरंतर उमड़ रहा भक्तों व दर्शकों का सैलाब

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • दशहरा मैदान स्थित ‘अवध लोक’ पर चल रहे श्रीराम जन्मोत्सव में प्रतिदिन भक्तों का सैलाब निरंतर बढ़ता जा रहा है। रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जाने-माने कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्शकों को आल्हादित कर रही हैं। यहाँ चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की यज्ञशाला में परिक्रमा करने वाले भक्तों की संख्या भी बढ़ रही है। विद्वान आचार्यों के निर्देशन में यहाँ 16 हजार 108 आहुतियों के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 9 हजार से अधिक आहुतियां समर्पित की जा चुकी हैं। अनेक दिव्यांग, नेत्रहीन, मूक-बधिर एवं अन्य समस्याओं से ग्रस्त पीड़ित श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। वृन्दावन के प्रेम मंदिर की प्रतिकृति और उसपर की गई विद्युत सज्जा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंदिर में स्थापित राम दरबार की आरती में सांसद शंकर लालवानी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

## अग्रवाल परिषद द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी बंधुओं का होगा सम्मान समारोह

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद द्वारा अपनी स्थापना के 32 वर्ष पूर्ण कर 33 वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में परिषद के उन 21 वरिष्ठ सदस्यों का मंगलवार 24 मार्च को शाम 7 बजे साउथ तुकोगंज स्थित शांति मंडपम सभागृह में गरिमामय समारोह में सम्मान किया जाएगा जिन्होंने अपनी जीवन यात्रा की 75 वर्ष आयु पूर्ण कर ली है। परिषद के अध्यक्ष मनीष खजांची, सचिव राजेश नागोरी एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि परिषद के वरिष्ठ सदस्यों में समाजसेवी प्रेमचंद-कनकलता गोयल, आनंद-अनुपा पटवारी, दीपक-चंदा जाजोदिया, गणपत-वीनूजी मंगल, गोपालदास-उमा गर्ग सीए एवं गोविन्द-कृष्णा अग्रवाल सीए सहित 21 सदस्यों का विशेष रूप से सम्मान करने का निर्णय लिया गया है, जिन्होंने अपने सुदीर्घ जीवनकाल में समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित कर समाज को उत्कृत किया है। यह सम्मान समारोह मंगलवार 24 मार्च को शांति मंडपम सभागृह, साउथ तुकोगंज नाथ मंदिर के सामने शाम 7 बजे से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर समाज के अन्य संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भी विशेषरूप से उपस्थित रहेंगे।

# जीएसटी ट्रिब्यूनल की बेंच इंदौर में खोलने को तैयार, यह डिजिटल होगी-सुमित कुमार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • उद्योग और व्यापार से जुड़े करदाताओं व कर सलाहकारों से चर्चा के लिए सोमवार को माणिक बाग स्थित सीजीएसटी ऑफिस पर बैठक हुई। इसमें करदाताओं और कर सलाहकारों ने डायरेक्टरेट जनरल ऑफ टैक्सपेयर सर्विसेज के प्रिंसिपल एडिशनल डायरेक्टर जनरल (एडीजी) सुमित कुमार को जीएसटी से जुड़ी समस्याएं बताईं। एडीजी से इंदौर में जीएसटी ट्रिब्यूनल बेंच के गठन की मांग की गई, जिस पर उन्होंने कहा कि जीएसटी ट्रिब्यूनल की समस्त कार्रवाई मूलतः डिजिटल ही होगी। ऐसे में फिजिकली सुनवाई के लिए उपस्थित होना अनिवार्य नहीं है। फिर भी यदि यहां के व्यापारी इंदौर में बेंच चाहते हैं तो हम सरकार को जरूर प्रस्ताव भेजेंगे। विशेष चर्चा में प्रिंसिपल एडीजी ने बताया कि 4-5 दिन पहले ही जीएसटी ट्रिब्यूनल द्वारा पारित पहला आदेश दिल्ली स्थित प्रिंसिपल बेंच से जारी हुआ है। भोपाल में अगले 3-4 महीनों में बेंच सक्रिय हो जाएगी। अपील दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 जून है। इसके बाद सुनवाई शुरू होगी। इस अवधि में सभी नियुक्तियां और सेट-अप पूरा हो जाएगा। हालांकि, हकीकत ये है कि अब भी प्रदेश बेंच के लिए न्यायिक सदस्य की नियुक्ति लंबित है।




### व्यापारियों की रेटिंग का सिस्टम लाने पर काम जारी

जीएसटी की शुरुआत में व्यापारियों की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने के लिए रेटिंग सिस्टम लाने का प्रस्ताव था, लेकिन 9 साल बाद भी ये शुरू नहीं हो पाया है। इसे लेकर प्रिंसिपल एडीजी ने बताया कि इस पर काम चल रहा है और अगले साल तक इसे लागू किया जा सकेगा। इस रेटिंग सिस्टम में व्यापारी ही एक-दूसरे को रेटिंग देंगे और उनके अनुभव के अनुसार बताएंगे कि दूसरा व्यापारी कितना विश्वसनीय है। यह गूगल रेटिंग की तरह काम करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापारियों को अपने सप्लायर का केवाईसी करना चाहिए। ट्रिब्यूनल की कार्रवाई में मूल हिंदी दस्तावेज मान्य करने को लेकर उन्होंने कहा कि क्योंकि ट्रिब्यूनल में देशभर के किसी भी हिस्से से न्यायिक व तकनीकी सदस्य नियुक्त हो सकते हैं, ऐसे में हिंदी दस्तावेजों को अंग्रेजी में अनुवादित करना जरूरी होगा। देशभर में लगभग 1 लाख अपील फाइल होना है, लेकिन अब तक 3196 ही ऑनलाइन हुई है। इसके पीछे का एक कारण प्री-डिपॉजिट भी है। अंतिम तारीख के आसपास अपील की संख्या में इजाफा होगा। जीएसटी ट्रिब्यूनल के पोर्टल पर अपील फाइलिंग के लिए निरंतर ट्रेनिंग प्रोग्राम और वेबिनार होते रहते हैं। टेक्निकल के साथ ही व्यवहारिक समस्याओं से जुड़े मुद्दे भी रखे : बैठक में 20 से अधिक औद्योगिक, व्यवसाय और कर सलाहकारों ने अपने-अपने मुद्दे भी रखे। इनमें से 70% मुद्दे टेक्निकल थे, 10% नीतिगत और 20% मुद्दे व्यवहारिक समस्याओं से जुड़े थे। बैठक में विभाग की ओर से अपर आयुक्त आकाश सिंघई, ऐश्वर्येश भारद्वाज उपस्थित थे। उद्योगों से एआईएमपी से योगेश मेहता, तरुण व्यास, सीए ब्रांच से मौसम राठी, एमपीटीएलबीए से एके लाखोटिया, टीपीए से सुनील पी जैन, कृष्ण गर्ग, सीटीपीए से अमित दवे, केदार हेडा, होटल एसो. से सुमित सूरी मौजूद थे।

## श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में श्री राम कथा के पहले निकली कलश यात्रा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • हुजूरगंज स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्री राम कथा के पहले सोमवार को कलश यात्रा निकली, जिसमें सैकड़ों मातृशक्ति सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में निकली, जय श्रीराम के जयकारों से पूरा यात्रा मार्ग गुंजायमान हो उठा, इसमें पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रामगोपालदास महाराज सहित अन्य साधु संतों के साथ सैकड़ों भक्त भी सम्मिलित हुए। श्री राम कथा 24 मार्च मंगलवार से शुरू होगी।

आयोजन प्रमुख सुमित अवस्थी ने बताया कि नौ दिवसीय श्री राम कथा के पहले सोमवार को कलश यात्रा की शुरुआत वेद मंत्रों के बीच पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रामगोपालदास महाराज के सानिध्य में पूजन अर्चन के साथ श्री सिद्ध हनुमान मंदिर,हुजूरगंज से शुरू हुई। यात्रा में सैकड़ो महिलाओं ने श्रद्धा के कलश उठाए, भजनों पर महिलाएं नाचते गाते हुए चल रही थी, बग्गी पर भागवत प्रवक्ता आचार्य पंडित शैलेंद्र तिवारी सहित अन्य साधु संत सवार थे, मुख्य यजमान गोविंद अवस्थी भागवत पुराण लेकर आगे आगे चल रहे थे, ढोल ताशे, बैंड बाजे, शंखनाद करते युवाओं का दल देखते ही बन रहा था। यात्रा में हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

## कलेक्टर सभागृह में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण, उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सभागृह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की जानकारी देने के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक गृहों के लिए निर्धारित न्यूनतम मानकों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर एसडीएम श्री घनश्याम धनगर ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा, सम्मान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में किए गए संशोधन के बाद यह अधिनियम और अधिक व्यापक एवं प्रभावी हो गया है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी है।कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त श्रीमती प्रीति तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और समाज में उनके सम्मान को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्री पवन चौहान ने भी संबोधित किया।

## संभागायुक्त ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने आज सम्भागीय अधिकारियों के साथ खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि एवं अन्य विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कृषि कल्याण वर्ष के लिए शासन द्वारा विभागीय रूप से निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति पर कार्य करने के लिए सम्भागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि शासन ने इस वर्ष कृषि से जुड़े विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित किये है, उसी अनुरूप अपने-अपने विभागों के रोडमैप पर सक्रियता से कार्य करे। उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट देखी और उसकी समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निश्चित समय-सीमा में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ करें। आमजनों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

## इंदौर में ‘संकल्प से समाधान’ अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजन का सिलसिला प्रारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •इंदौर जिले में शासन की महत्वाकांक्षी ‘संकल्प से समाधान’ अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के तृतीय चरण में विकासखंड स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया गया है। जिले का पहला शिविर आज नैनोद में आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत इंदौर जनपद में आयोजित ग्राम स्तरीय शिविरों के माध्यम से लगभग साढ़े 13 हजार ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों और विभिन्न सेवाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में राऊ विधायक मधु वर्मा, जनपद अध्यक्ष इंदौर विश्वजीत सिंह सिसोदिया (कान्हा पटेल), श्रवण सिंह चावड़ा, रामस्वरूप गेहलोद, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, एसडीएम गोपाल वर्मा, सुश्री निधि वर्मा तथा अजय भूषण शुक्ला, जनपद सीईओ श्रीमती प्रियंका टैगोर, अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीणों को शासन से सीधे जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं और इससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। ग्राम पंचायत नैनोद जनपद इंदौर में ‘संकल्प से समाधान’ शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। नैनोद के शिविर में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 125 से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, भगवान की तस्वीर व नगद राशि देकर किया सम्मानित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर इंदौर द्वारा रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सामाजिक संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री आनंद गोधा का भी अभिनंदन किया गया। एरोड्रम रोड स्थित ऑरेंज पैराडाइज होटल पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के अध्यक्ष सतीश जैन ने की। मुख्य अतिथि थे फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसमुख गांधी और राकेश विनायका। विभिन्न कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त गौरवशाली प्रतिभाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र, भगवान की तस्वीर, पचरंगी दुपट्टा व नगद राशि देकर किया गया। हंसमुख एवं राकेश ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रतिभाओं को उन्नति के शिखर तक पहुंचाने में सहायक होते हैं। जैन समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। दिगंबर जैन समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद गोधा का भी श्रीफल , पगड़ी व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। आनंद गोधा हंसमुख गांधी व राकेश विनायका ने ग्रुप अध्यक्ष सतीश जैन को शुभकामना देते हुए उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए समाज ओर फेडरेशन की ओर से सम्मानित किया।

## शीघ्र ही लांच करेंगे स्टेट एआई मिशन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सुशासन के जरिए नागरिक सेवाओं और सुविधाओं को और भी सिविक-फ्रेंडली बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए नई-नई तकनीकों से जुड़कर प्रदेश में नवाचारों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात् आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज के दौर का सर्वाधिक संभावनाशील सेक्टर है। शासन-प्रशासन व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए सरकार भी आगे बढ़ रही है। अब इस दिशा में एआई की मदद ली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम बहुत जल्द मध्यप्रदेश का अपना ‘स्टेट एआई मिशन’ लांच करने जा रहे हैं। यह एक लक्ष्य केंद्रित मिशन होगा। इस मिशन से शासन प्रणाली में कसावट और सुप्रबंधन लाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सुशासन एवं विकास को नई गति देने और शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से इस मिशन को प्रारंभ किया जा रहा है। स्टेट एआई मिशन में कृषि, स्वास्थ्य, पोषण एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान संभव हो सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मिशन को चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा। वित्त वर्ष 2026-27 में एआई तकनीक के लिए ढांचागत विकास किया जाएगा। वर्तमान एआई पहलों को एकीकृत कर आधारभूत तैयारी सुदृढ़ की जाएगी। वित्त वर्ष 2027-28 में सफल यूज़ केसेस को विभिन्न विभागों में व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा ।

गुस्सा | बिजली विभाग के अधिकारियों का सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

# अटाहेड़ा बिजली विभाग की कार्यवाही से किसानों का गुस्सा फूटा

निलेश चौहान (94250-77209)

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बिजली बिल बकाया को लेकर अटाहेड़ा के जेई और बिजली विभाग के कर्मचारी रविवार को देपालपुर के ग्रामीण अंचल जलालपुर और खीमलावदा जब्ती की कार्यवाही करने पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारी ने किसी की बाइक तो किसी के लहसन के कट्टे पानी की मोटर टेंट हाउस की कुर्सियों को जप्त कर कार्यवाही की गई लेकिन किसानों और बिजली बिल बकायादारों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने कहा कि गाड़ी जप्त मोटर जप्त की किसी भी प्रकार की रशिद हमें नहीं दी गई, बिजली विभाग के



कर्मचारीयो ने अपनी मर्जी से समान उठा लिया और बिना बात करे वाह से निकल गए अधिकारियों ने ग्रामीणजनों की बात सुनना भी जरूरी नहीं समझा किसानों ने अधिकारियों से निवेदन किया की साहब गेहूं की फसल आ गई 8-4 दिन का समय शेष बचा है। गेहूं बेचकर हम बिजली बिल का भुगतान कर देंगे अटाहेड़ा के जेई ने ग्रामीण जनों की एक बात नहीं सुनी और वहां से निकल गए लेकिन गुस्साए किसानों ने बिजली विभाग के अधिकारियों का वीडियो बनाया और उनसे कहा गया, कि आपने गाड़ी जपती की रसीद कितने की बनाई लेकिन विभाग के अधिकारी उन्हें जवाब नहीं दे पाए गाड़ी के अंदर बैठे अधिकारी कर्मचारी अपना मुंह छुपाते दिखाई दिए। किसानों ने आरोप लगाया के रविवार के दिन कौन वसूली करता है और क्या यह तरीका अधिकारियों का सही है। इस पूरे घटनाक्रम में देखा जाए तो जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी से भागते नजर आए जानकारी में पता चला है। कि किसानों का एक धड़ा जेई और कर्मचारियों की शिकायत कलेक्टर के समक्ष करने की तैयारी कर रहा। आखिर कब तक बिजली विभाग अपनी मनमर्जी से काम करता रहेगा किसानों ने कहा है। जब तक गेहूं की फसल नहीं बिक जाती तब तक बकाया बिजली बिल नहीं भर पाएंगे फसल बेचकर ही बिजली बिलों का भुगतान किया जाएगा शासन प्रशासन इस मामले में उचित निर्णय और किसानों का सहयोग करें।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### मिसाइलों से आगे की लड़ाई: जब सप्लाई रुकती है, तब शुरू होता है असली संकट

भारत सहित कई देश साफतौर पर किसी भी मसले का हल युद्ध के बजाय कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में रहे हैं, लेकिन जंग में शामिल देश कई बार इस सबसे जरूरी तकाजे को समझने में देर कर देते हैं। किसी भी युद्ध में भले ही दो देश या पक्ष शामिल होते हैं, लेकिन संभव है कि उसके नतीजों का दायरा इतना बड़ा हो कि अन्य कई देशों के लोगों के सामने मुसीबतें खड़ी हो जाएं। मसलन, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद न केवल पश्चिम एशिया में, बल्कि समूची दुनिया में कई स्तर पर मुश्किलें बढ़ती देखी जा सकती हैं। यह छिपा नहीं है कि ऊर्जा या तेल और गैस के लिए बहुत सारे देश अपनी जरूरतों के ज्यादातर हिस्से के लिए मध्यपूर्व पर निर्भर हैं। मगर इस युद्ध की शुरुआत के बाद अब धीरे-धीरे स्थितियां बिगड़नी शुरू हो चुकी हैं। हालांकि भारत सहित कई देश साफतौर पर किसी भी मसले का हल युद्ध के बजाय कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में रहे हैं, लेकिन जंग में शामिल देश कई बार इस सबसे जरूरी तकाजे को समझने में देर कर देते हैं। दोतरफा व्यापक हमलों और उसमें जानमाल के भारी नुकसान के बीच ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से दुनिया के कई देशों में तेल और गैस की आपूर्ति भी सीमित या बहुत कम हो गई है। यह ऐसी मुश्किल है, जिससे सभी लोग प्रभावित होंगे। समस्या यह है कि अगर संघर्ष लंबा खिंचा, तो आम लोगों के सामने बहुस्तरीय संकट खड़े होंगे और सरकार के सामने चुनौतियां गहराएंगी। आने वाले दिनों में युद्ध के स्वरूप के बिगड़ने और इसका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका के मद्देनजर ही प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सामने 'अप्रत्याशित चुनौतियां' हैं। जाहिर है, अब जो हालात हैं, उसमें इनका सामना करना ही विकल्प है। ऐसे में सरकार को जहां रोजमर्रा की अनिवार्य जरूरतों की आपूर्ति को संतोषजनक स्तर पर बनाए रखने के लिए हर उपाय करना होगा, वहीं विपरीत स्थितियों में भी भरोसे को बनाए रखना होगा। शायद इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि कोविड महामारी के दौरान भी आपूर्ति श्रृंखला का संकट पैदा हुआ था और देश ने एकजुटता से उसका मुकाबला किया।

# डिजिटल आराम, मानसिक तनाव–कहाँ फंस गया इंसान?

आज के युग में हर तरफ सुविधाओं का बोलबाला है। एक क्लिक में खाना, कपड़े, मनोरंजन सब घर बैठे मिल जाता है। स्मार्टफोन, ऐप्स और इंटरनेट ने जीवन को इतना सरल बना दिया है कि लगता है जैसे पुरानी मुश्किलें हमेशा के लिए गायब हो गईं। लेकिन क्या सचमुच जीवन आसान हो गया है? या यही सुविधाएं एक जाल बनकर हमें उलझा रही हैं? जहां पहले लोग खुद मेहनत करके काम करते थे वहां आज मशीनें और सेवाएं सब संभाल रही हैं। फिर भी तनाव, चिंता और असंतोष बढ़ता जा रहा है। यह विरोधाभास इसलिए है क्योंकि सुविधाएं हमें आराम देती हैं लेकिन साथ ही हमारी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य और रिश्तों को चुरा लेती हैं। वास्तव में यह जाल इतना मजबूत है कि निकलना मुश्किल हो गया है। हम सुविधाओं के गुलाम बन चुके हैं और यही वजह है कि आसान जीवन मुश्किल से भी ज्यादा बोझिल लगने लगा है।

### जितनी सुविधाएं, उतनी उलझनें–आधुनिक जीवन का सच

### सुविधाओं का जाल: आसान जीवन क्यों मुश्किल बनता जा रहा है?




तकनीक ने हमारे जीवन की गति को इतना तेज कर दिया है कि ठहराव जैसे शब्द का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। सुबह उठते ही मोबाइल की स्क्रीन पर नजर डालना और रात को उसी रोशनी में सो जाना अब दिनचर्या बन चुका है। पहले जहां लोग बाजार जाकर सामान खरीदते थे, वहीं अब हर चीज घर के दरवाजे तक पहुंच जाती है। इस बदलाव ने मेहनत को कम जरूर किया है, लेकिन शारीरिक सक्रियता भी लगभग समाप्त कर दी है। नतीजा मोटापा, कमजोर इम्यूनिटी और बीमारियां। इसके साथ ही, लगातार आने वाली सूचनाओं ने हमारे दिमाग को इतना व्यस्त कर दिया है कि हम शांत होकर सोचने की क्षमता खोते जा रहे हैं। हर निर्णय के लिए तकनीक पर निर्भरता हमें आत्मनिर्भर बनाने के बजाय और अधिक असहाय बना रही है।

मानसिक स्वास्थ्य के स्तर पर यह समस्या और भी गंभीर रूप ले चुकी है। सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया ने तुलना की ऐसी आदत पैदा कर दी है, जिससे हम हर समय खुद को दूसरों से कमतर आंकने लगते हैं। 'कुछ छूट न जाए' का डर हमें लगातार स्क्रीन से जोड़े रखता है। पहले जहां मनोरंजन का अर्थ किताबें पढ़ना या दोस्तों के साथ समय बिताना था, वहीं अब अंतहीन स्क्रॉलिंग ही खुशी का माध्यम बन गई है। यह आदत नींद खराब करती है, एकाग्रता घटाती है और अवसाद बढ़ाती है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा प्रभावित है क्योंकि वे बचपन से ही इस जाल में फंसे हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि सुविधाओं पर निर्भरता बढ़ने से आत्मसम्मान कम होता है और रिश्ते टूटते जा रहे हैं। तात्कालिक सुख देने वाली ये सुविधाएं दीर्घकालिक शांति को छीन रही हैं, जिससे जीवन का संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

सामाजिक संबंधों पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। पहले पड़ोसियों से बातचीत, परिवार के साथ समय बिताना और सच्चे मिलन जीवन का हिस्सा थे। आज वही रिश्ते मोबाइल स्क्रीन में सिमट गए हैं। हम हजारों लोगों से ऑनलाइन जुड़े हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में अकेलापन बढ़ता जा रहा है। बच्चों और माता-पिता के बीच संवाद कम हो गया है क्योंकि हर कोई अपनी-अपनी दुनिया में व्यस्त है। भावनाओं का आदान-प्रदान अब इमोजी तक सीमित रह गया है। इस दूरी ने रिश्तों की गहराई को कमजोर कर दिया है और एक अदृश्य अकेलेपन को जन्म दिया है, जो धीरे-धीरे मानसिक तनाव का कारण बन रहा है।

आर्थिक दृष्टि से भी सुविधाओं का यह विस्तार हमें भारी पड़ रहा है। हर सुविधा की एक कीमत होती है—चाहे वह सब्सक्रिप्शन हो, डिलीवरी चार्ज हो या लगातार अपग्रेड्स की जरूरत। छोटे-छोटे खर्च मिलकर एक बड़ा आर्थिक बोझ बन जाते हैं। पहले जहां घर का खाना सस्ता और पौष्टिक होता था, वहीं अब बाहर का खाना महंगा और अक्सर अस्वास्थ्यकर होता है। नौकरी में भी सुविधाएं बढ़ने से प्रतिस्पर्धा इतनी तेज हो गई है कि आराम का समय खत्म हो गया है। सुविधाओं की आदत हमें ऐसी जीवनशैली की ओर ले जाती है, जहां बिना इनके रहना कठिन लगता है। यही कारण है कि कई लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा इन्हीं पर खर्च करने लगते हैं, जिससे आर्थिक असुरक्षा और तनाव बढ़ता है।

पर्यावरण के संदर्भ में यह समस्या और भी व्यापक हो जाती है। हर सुविधा के पीछे संसाधनों की खपत और प्रदूषण की एक लंबी कहानी छिपी होती है। ऑनलाइन ऑर्डर के साथ आने वाली प्लास्टिक पैकेजिंग, तेज डिलीवरी के लिए इस्तेमाल होने वाले वाहन और बढ़ती ऊर्जा खपत ने प्रकृति पर भारी दबाव डाला है। हम अपनी सुविधा के लिए जिन संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं, उनकी भरपाई प्रकृति के लिए संभव नहीं हो पा रही है। परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक असंतुलन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आज का आराम भविष्य की पीढ़ियों के लिए संकट बनता जा रहा है।

हालांकि इस स्थिति से बाहर निकलना असंभव नहीं है, लेकिन इसके लिए जागरूकता और संतुलन जरूरी है। हमें यह समझना होगा कि सुविधाएं हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए हैं, न कि हमें नियंत्रित करने के लिए। समय-समय पर डिजिटल दुनिया से दूरी बनाना, खुद छोटे-छोटे काम करना और वास्तविक जीवन के रिश्तों को महत्व देना जरूरी है। यदि हम तकनीक को एक साधन के रूप में उपयोग करें और उसे अपने जीवन का केंद्र न बनने दें, तो हम इस जाल से काफी हद तक मुक्त हो सकते हैं। संतुलित जीवनशैली ही वह रास्ता है, जो हमें सच्चे सुख और संतोष की ओर ले जा सकता है।

यह स्पष्ट है कि सुविधाओं का संसार जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही जटिल भी है। यह हमें तात्कालिक आराम जरूर देता है, लेकिन धीरे-धीरे हमारी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य और रिश्तों को कमजोर कर देता है। अगर हम समय रहते इस विरोधाभास को नहीं समझ पाए, तो आसान दिखने वाला जीवन और भी कठिन होता जाएगा। इसलिए अब समय है कि हम ठहरकर सोचें, अपनी प्राथमिकताओं को समझें और सुविधाओं के इस जाल से खुद को संतुलित तरीके से बाहर निकालने का प्रयास करें—तभी जीवन वास्तव में आसान और सार्थक बन सकेगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**
शिक्षाविद्, बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

# सामुदायिक भवन से निजी स्कूल का कब्जा हटा, तहसीलदार ने खाली कराकर पंचायत को सौंपा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर●** गणपति नाका क्षेत्र में स्थित एक सरकारी सामुदायिक भवन पर पूर्व विधायक हमीद काजी के बेटे नूर काजी द्वारा संचालित निमाड़ वैली इंटरनेशनल स्कूल का कब्जा हटा दिया गया है। सोमवार दोपहर तहसीलदार प्रवीण ओहरिया ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर भवन को खाली कराया और ऐमागिर्द ग्राम पंचायत को सौंप दिया। स्कूल संचालक नूर काजी ने इस कार्रवाई को अवैध बताते हुए कोर्ट जाने की बात कही है। यह सामुदायिक भवन वर्ष 2003 में तत्कालीन विधायक हमीद काजी ने अपनी विधायक निधि से बनवाया था। शिकायत मिली थी कि लंबे समय से इस भवन में उनके बेटे द्वारा संचालित निजी स्कूल की दो कक्षाएं चल रही थीं।

तहसीलदार प्रवीण ओहरिया ने बताया कि जांच में पाया गया कि सामुदायिक भवन बना है और स्कूल द्वारा इसके दो कमरों का उपयोग किया जा रहा था। कब्जा खाली कराकर ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे किराया वसूली का मामला पंचायत देखेगी। ग्राम पंचायत ऐमागिर्द के सरपंच अब्दुल शाहिद ने पुष्टि की कि पूर्व विधायक ने 2003 में विधायक निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था, जहां स्कूल संचालित हो रहा था। उन्होंने बताया कि अब नियमों के अनुसार किराया वसूली और टैक्स की कार्रवाई की जाएगी।

# कार में लगी आग, ड्राइवर को बचाया, अस्थि विसर्जन करने ओंकारेश्वर जा रहे थे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन ●** जिले के भगवानपुरा क्षेत्र में सोमवार सुबह एक चलती स्कॉर्पियो कार में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने कार का कांच तोड़कर ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच गई। आग से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह जल गया।

यह घटना देवनालिया पंचायत क्षेत्र में हुई। कार में सवार आदिवासी ग्रामीण सेमलिया से ओंकारेश्वर अस्थि विसर्जन के लिए जा रहे थे। सेमलिया निवासी हमा पटेल अपनी पत्नी की अस्थियां विसर्जित करने के लिए परिवार के साथ जा रहे थे।

गांव से करीब एक किलोमीटर दूर पहुंचने पर वाहन में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि यह शार्ट सर्किट के कारण लगी होगी। ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

बताया गया है कि यह वाहन सरपंच भूरेलाल बिलवाले का था। इस घटना में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है।

# नेता प्रतिपक्ष ने सिटी मजिस्ट्रेट के पैर पकड़े, बोलें- आप हमारे रक्षक हो, बजरंग बली के अवतार हो

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** शहर के सूरजकुंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सोमवार को जमकर हंगामा हो गया। कार्रवाई से नाराज बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंच गए और नारेबाजी की। हालात उस वक्त और ज्यादा चर्चा में आ गए, जब नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर ने सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर के पैर पकड़ लिए। हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष राठौर सिटी मजिस्ट्रेट के सामने भावुक हो गए और उनके पैर पकड़ते हुए कहा इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने उन्हें शांत करते हुए भरोसा दिलाया कि फिलहाल कार्रवाई रोक दी गई है और लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### पहले रहने की व्यवस्था करो, फिर हटाओ

सूरजकुंड क्षेत्र के रहवासियों ने प्रशासन के खिलाफ तीखी नाराजगी जताई। महिलाओं ने कहा कि वे यहां पांच पीढ़ियों से रह रहे हैं और नियमित रूप से टैक्स भी दे रहे हैं। उनका कहना था- 'अगर हमें हटाना है तो पहले रहने की व्यवस्था की जाए, वरना हम यहीं रहेंगे। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कहा कि 'हमारे ऊपर बुलडोजर चला दो और यहीं हमारी समाधि बना दो।

### रेलवे की कार्रवाई से भड़का विवाद



बता दें कि, रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के तहत कुछ मकानों पर बुलडोजर चलाया गया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। इसी के विरोध में रहवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे।

नेता प्रतिपक्ष मुल्लु राठौर ने कहा, त्योहार के समय महिलाओं और परिवारों को उजाड़ा जा रहा है, जो अनुचित है। उन्होंने सवाल उठाया कि 'हिंदुत्व की बात करने वाले लोग ऐसे समय में चुप क्यों हैं? '

### प्रशासन का हस्तक्षेप, कार्रवाई फिलहाल रुकी

बढ़ते तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप किया और रेलवे की कार्रवाई को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। बताते हैं कि, मंगलवार को जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति

# नेपानगर में 98.50 लाख के कार्यों का भूमिपूजन, सीसी रोड और पुलिया बनेंगी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर●** जिले के नेपानगर क्षेत्र में सोमवार को विधायक मंजू राजेंद्र दादू ने करीब 98.50 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों में सीसी रोड, पुलिया निर्माण और अटल सेवा सदन (पंचायत भवन) का सुदृढ़ीकरण शामिल है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

विधायक मंजू दादू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुलिया और पंचायत भवन जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि विकास कार्य लगातार जारी हैं और हर गांव तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़कों और पुलियों के निर्माण से गांवों में आवागमन आसान होगा, खासकर बारिश के समय होने वाली परेशानियां कम होंगी। इससे छात्रों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी।

अटल सेवा सदन के सुदृढ़ीकरण से पंचायत स्तर के काम तेजी से होंगे और लोगों को सरकारी सेवाएं आसानी से मिल सकेंगी। मजगांव में 10 लाख की सीसी रोड, केरपानी में 10 लाख की सीसी रोड, गोलखेड़ा में 11 लाख की पुलिया, अमुल्लाखुर्द डांगुरला में 10 लाख की सीसी रोड, अमुल्लाकलां में 10 लाख की पुलिया, अटल सेवा सदन के लिए 37.50 लाख और तेलियाथड़ में 10 लाख की पुलिया का निर्माण किया जाएगा।

**ये लोग रहे मौजूद-** कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, मंडल अध्यक्ष क्षितिज महाजन, किशन धांडे, रमेश महाजन, युवराज पाटील, संतोष चौधरी, गजानन यादव, सुरेश पवार, कमलेश कीर, गुड्डू कीर, प्रेम सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विराट ने आईपीएल से पहले आरसीबी को किया सावधान, सभी टीमें हमें हराना चाहेंगी



**बेंगलुरु (एजेंसी)** • रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि इस बार का सत्र पहले से कठिन होगा। इसलिए टीम के सभी खिलाड़ियों को और अधिक गंभीरत से खेलना होगा। विराट ने कहा कि इस बार सभी टीमें आरसीबी को हराने का लक्ष्य लेकर उतरेंगी क्योंकि वह मौजूदा चैम्पियन है। ऐसे में सभी टीमें हमारे खिलाफ अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल में आरसीबी का पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी के शेयर किए गए एक वीडियो में विराट टीम के खिलाड़ियों से बात करने के दौरान उन्हें उत्साहित करते दिखे। उन्होंने कहा कि पिछले 2 से 3 सत्र में टीम ने काफी मेहनत की है और उसी मेहनत के कारण उन्हें पिछले सत्र में खिताबी जीत मिली थी।

विराट ने खिलाड़ियों से कहा कि इस बार चुनौती और बड़ी होगी, इसलिए शुरुआत से ही पूरी ताकत से खेलना होगा। कोहली ने कहा, हमने पिछले 2-3 साल में जो हासिल किया, उसके लिए बहुत मेहनत की पर अब चुनौती और कठिन होने वाली है क्योंकि बाकी टीमें हमें हराने के लिए पूरी ताकत लगाएंगी। हमें अभी से स्विच ऑन होना होगा और हर सेशन में आना सौ फीसदी से अधिक देना होगा। आईपीएल खिताब जीता था। तब उसने फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया था। अब टीम आईपीएल 2026 में अपने खिताब का बचाव करने का पूरा प्रयास करेगी और लगातार दूसरी ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेगी। टीम के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि इस बार नीलामी में टीम ने काफी अच्छे खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिससे टीम पहले से ज्यादा बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि नए खिलाड़ियों को टीम के माहौल में ढालना और सीनियर खिलाड़ियों के साथ सही तालमेल बनाना इस सत्र में सबसे महत्वपूर्ण रहेगा। गौरतलब है कि विराट आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने आईपीएल में 267 मैचों में 8661 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 63 अर्धशतक शामिल हैं। आईपीएल में अब विराट कोहली इस सत्र मे भी अधिक से अधिक रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने के साथ ही नये रिकार्ड अपने नाम करना चाहेंगे।

# सीएसके ने रैना और हेडन को हॉल ऑफ फेम अवार्ड से सम्मानित किया



**चेन्नई (एजेंसी)** • पांच बार कि आईपीएल खिताब विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 19 वें सत्र की शुरुआत से पहले प्रतिष्ठित हॉल ऑफ फेम पुरस्कार दिये। चेपॉक स्टेडियम में आयोजित 'रोर 26' नाम के एक कार्यक्रम में ये पुरस्कार टीम के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुरेश रैना और मैथ्यू हेडन दो दिया गया। रैना, सीएसके में 'चिन्ना थाला' के नाम से भी लोकप्रिय रहे हैं। वह सीएसके की ओर से सबसे बड़े मैच विजेता माने जाते हैं। उन्होंने साल 2008 से 2021 तक टीम की ओर से 2010, 2011, 2018 और 2021 में जीत हासिल की है। रैना अभी भी सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 5,529 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 2014 चैंपियंस लीग टी20 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता था। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबा हेडन ने साल 2008 से 2010 तक सीएसके की ओर से खेलते हुए काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हेडन साल 2009 में सीएसक की ओर से औरेंज कैप जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। तब उन्होंने 572 रन बनाए थे। उन्होंने सीएसके की ओर से कुल 1,117 रन बनाए और 8 अर्धशतक लगाए।

# पीटरसन की पसंदीदा आईपीएल टीम में रोहित को नहीं मिली जगह



**मुंबई। (एजेंसी)** • इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने आईपीएल की अपनी पसंदीदा टीम बनायी है। हैरानी की बात ये है कि पीटरसन की इस टीम में आक्रामक बल्लेबाज रोहित शर्मा को जगह नहीं मिली है जबकि रोहित आईपीएल के इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उनकी कप्तानी में ही मुंबई इंडियंस ने पांच बार खिताब जीता है। वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। पीटरसन ने अपनी इस टीम में पारी की शुरुआत के लिए क्रिस गेल और विराट कोहली को चुना। इसके बाद, उन्हें एबी डी विलियर्स, सुरेश रैना, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, ऋषभ पंत, युवराज सिंह और कीरोन पोलार्ड में से तीन मध्य क्रम के खिलाड़ी चाहिये थे। इस पर पीटरसन ने रैना और डी विलियर्स को शामिल किया पर तीसरे खिलाड़ी का नाम नहीं बताया। वहीं कप्तान और विकेटकीपर के लिए उन्होंने महेन्द्र सिंह धोनी को शामिल किया।

# श्रीलीला ने कार्तिक आर्यन के लिए कह दी बड़ी बात



**मुंबई। (एजेंसी)** • कार्तिक आर्यन के साथ जल्द ही अनुराग बसु की आने वाली अनटाइटल्ड फिल्म में नजर आने जा रही श्रीलीला को-स्टार कार्तिक आर्यन के साथ काम करने को लेकर खासी उत्साहित हैं। फिलहाल पहली बार बनने जा रही इस जोड़ी को लेकर दर्शक भी काफी उत्साहित हैं और फिल्म का इंतज़ार कर रहे हैं। हालांकि फिल्म से जुड़ी कोई भी बातें आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आ पाई हैं, लेकिन श्री लीला की बातों से थोड़ा-थोड़ा अंदाज़ा मिल गया है। एक इंटरव्यू के दौरान श्रीलीला ने अपने को-स्टार कार्तिक के बारे में बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि वह काफी सुलझे हुए और समझदार इंसान हैं। यही वजह है कि उनके काम और अब तक के सफर के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है। गौरतलब है कि कार्तिक के फिल्मी करियर और इंडस्ट्री में उनके सफर की सराहना करते हुए श्री लीला ने यह भी कहा, 'उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है और मैं उनके साथ शूट करने के लिए काफी उत्साहित हूं।' फिलहाल अनुराग बसु द्वारा निर्देशित यह फिल्म फिलहाल निर्माणाधीन है। साथ ही इस फिल्म को वर्ष 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक माना जा रहा है, जिसमें दर्शक पहली बार श्रीलीला और कार्तिक आर्यन को साथ में देखने के लिए उत्साहित हैं।

# 'सुंदरावली' का किरदार नायक की ताकत है: नाभा नतेश



**मुंबई। (एजेंसी)** • साल 2026 में कई बड़ी फिल्मों की रिलीज को लेकर उत्साह बना हुआ है। ऐसी ही एक फिल्म 'स्वयंभू' चर्चा में है। यह फिल्म एक बहादुर योद्धा की कहानी को दर्शाती है, जिसने अपनी वीरता से इतिहास की दिशा बदल दी। फिल्म में अभिनेत्री नाभा नतेश अहम भूमिका निभा रही हैं, जिनका किरदार कहानी में भावनात्मक गहराई जोड़ता है। नाभा नतेश ने एक इंटरव्यू में अपने किरदार 'सुंदरावली' के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सुंदरावली एक क्लासिकल डांसर है, जो उसी गांव में पली-बढ़ी है जहां निखिल का किरदार रहता है। वह नायक के व्यक्तित्व को गहराई से समझती है और उसके जीवन के हर उतार-चढ़ाव से परिचित है। नाभा के मुताबिक, उनका किरदार सिर्फ एक साथी नहीं, बल्कि नायक की ताकत का आधार है। उन्होंने बताया कि सुंदरावली उस भावना का प्रतीक है, जो अक्सर पर्दे के पीछे रहकर किसी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब नायक कठिन परिस्थितियों से गुजरता है, तब सुंदरावली ही उसे संभालती है और दोबारा खड़े होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आत्मविश्वास देती है। यही मोड़ कहानी को नई दिशा देता है और नायक के संघर्ष को निर्णायक रूप में बदल देता है। फिल्म 'स्वयंभू' का निर्माण भुवन और श्रीकर ने पिक्सेल स्टूडियो के बैनर तले किया है, जबकि इसे टैगोर मधु ने प्रस्तुत किया है।

## उज्जैन संभाग

# गुरुकुल में छात्र से मारपीट करने वाला शिक्षक गिरफ्तार, सेवा से किया निष्कासित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • चिंतामन थाना क्षेत्र में छात्र के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आने पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए छात्रावास इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कक्षा 9वीं में अध्ययनरत एक छात्र ने अपने गुरुजी के साथ थाना चिंतामन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। छात्र महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के छात्रावास में रहकर ऋग्वेद शाखा में अध्ययन कर रहा है। छात्र ने बताया कि 15 मार्च की रात वह अपने निर्धारित कक्ष के बजाय दूसरे कक्ष में सो गया था। इस बात पर छात्रावास इंचार्ज दत्तदास रघुनाथ शेवडे ने उसे बाहर बुलाकर गालियां दीं और विरोध करने पर कार्यालय में ले जाकर लकड़ी के डंडे से मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज की धाराओं में मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कार्रवाई जारी है। इधर, घटना को गंभीर मानते हुए संस्थान प्रबंधन ने भी आरोपी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उसे तत्काल प्रभाव से सेवा से निष्कासित कर दिया है। कृष्ण की शिक्षा स्थली पर उठे सवाल प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जिस पवित्र स्थान पर भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की थी, वहां इस तरह की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री से दोषी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम की मांग की है। उज्जैन में महर्षि सांदीपनी राष्ट्रीय वेदविद्या संस्थान (गुरुकुल) में एक टीचर ने छात्र को डंडे से बेरहमी से पीटा। इस दौरान छात्र दर्द से चीखता रहा, लेकिन टीचर लगातार उसे मारता रहा। घटना का वीडियो शनिवार को सामने आया है।



# अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर विवाद में हरिगिरी महाराज बोले-सपने देखने का सबको हक

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** • अखाड़े परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर मचे घमासान के बाद परिषद के महामंत्री हरिगिरि महाराज उज्जैन पहुंचे। उन्होंने सोमवार को महाकाल मंदिर में दर्शन कर विवाद को लेकर बयान दिया। हरिगिरि ने कहा कि सभी को सपने देखने का हक है। बीजेपी का हर कार्यकर्ता पीएम बनने का सपना देख सकता है। ऐसे ही अखाड़े में अध्यक्ष बनने का सपना कुछ लोग देख रहे हैं। उज्जैन के मंगलनाथ रोड स्थित खाक चौक पर श्री पंच रामानंदीय निर्वाणी अखाड़े में आठ अखाड़ों के संत-महंतों और पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव रविंद्र पुरी महाराज को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद का अध्यक्ष बताते हुए आगामी सिंहस्थ में उनके नेतृत्व में कुंभ मेले में भाग लेने की बात कही गई। इस दौरान उन्होंने अपने साथ आठ अखाड़े का सर्मथन होने का दावा भी किया। इसके बाद उज्जैन में अखाड़ा परिषद के दो अध्यक्षों के नाम को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया था।

सोमवार को अखाड़े के महामंत्री हरिगिरि महाराज ने महाकाल मंदिर में दर्शन किये भगवान महाकाल से दुनिया में चल रहे युद्ध को लेकर भगवान महाकाल से जल्द युद्ध खत्म होने की प्रार्थना की। इस मोके पर उन्होंने अखाडा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर चल रही उठापटक की लेकर कहा कि सभी को हक है अध्यक्ष पद के सपने देखने का।

पद पाने की इच्छा होना गलत बात नहीं है बीजेपी का नेता पीएम बनने तक के सपने देखता है। पहले भी कई बार प्रयास हुए, लेकिन उन्हें 100 गुना अधिक मेहनत करना पड़ेगी। सपने देखना गलत नहीं है। 13 अखाड़े से अध्यक्ष बनता है , चुनाव की बैठक हुई क्या , नियम है की तीन महीने का नोटिस देकर बैठक बुलानी थी। सपने देखने बुरी बात नहीं।

# ईरान युद्ध रोकने के लिए अनुष्ठान, मां बगलामुखी मंदिर में यज्ञ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** • उज्जैन स्थित माँ बगलामुखी मंदिर में सोमवार को विश्व शांति और युद्ध विराम की कामना को लेकर विशेष यज्ञ अनुष्ठान आयोजित किया गया। बीते कई दिनों से जारी अंतरराष्ट्रीय तनाव को देखते हुए इस आयोजन में दुनिया भर के कल्याण की प्रार्थना की गई।

नवरात्रि के पावन पर्व पर शुरू हुए इस 9 दिवसीय यज्ञ में 100 से अधिक पंडित-पुजारी भाग ले रहे हैं। सोमवार को हुए अनुष्ठान में विशेष रूप से विश्व शांति के लिए आहुतियां दी गईं।

मंदिर के गादीपति रामनाथ महाराज ने बताया कि दस महाविद्याओं का पूजन 51 बटुकों के साथ संपन्न कराया गया। वर्तमान में चल रहे युद्ध को लेकर माता से प्रार्थना की गई कि इस विनाशकारी स्थिति का जल्द अंत हो। पूरे अनुष्ठान में विधि-विधान से पूजन, अभिषेक और हवन किया गया। इसमें विशेष रूप से मिर्ची अनुष्ठान भी शामिल रहा, जिसे संकट निवारण और शत्रु बाधा समाप्ति के लिए किया जाता है।

देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने पहुंचे। मुंबई से आए भक्तों ने भी यज्ञ में भाग लेकर विश्व शांति और मानव कल्याण

# नलखेड़ा पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय और यूपी के डिप्टी सीएम मां बगलामुखी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली मांगी

**दैनिक इंदौर संकेत**



**आगर - मालवा** • आगर मालवा जिले के मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा में चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को दिग्गज नेताओं का जमावड़ा रहा। मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अलग-अलग समय पर मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की। दोनों नेताओं ने विधि-विधान से माता का आशीर्वाद लेकर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को मंदिर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न किया। मुख्य पुजारी मनोहरदास पंडा ने उन्हें माता की चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया। विजयवर्गीय ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की।

## यूपी के डिप्टी सीएम ने किया हवन अनुष्ठान

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक अपनी धर्मपत्नी के साथ नलखेड़ा पहुंचे। उन्होंने मां बगलामुखी के दरबार में मत्था टेकने के साथ ही विशेष हवन अनुष्ठान में आहुतियां अर्पित कीं। मंदिर के पुजारियों द्वारा संपन्न कराए गए इस अनुष्ठान के दौरान उन्होंने राष्ट्र की उन्नति और कल्याण का संकल्प लिया।

## नवरात्रि के चलते मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

चैत्र नवरात्रि का तीसरा दिन होने के कारण मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। वीआईपी दौरों के बीच सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे, हालांकि सामान्य दर्शनार्थियों के लिए सुचारू व्यवस्था बनाए रखी गई। पुजारियों ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मां बगलामुखी की साधना का विशेष महत्व होता है, जिसके चलते देशभर से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 31 मार्च तक हर हाल में पूरे हों योजनाओं के लक्ष्य – कलेक्टर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • हितग्राही एवं रोजगार मूलक योजनाओं के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में शासकीय एवं बैंक अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई। कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिये कि 31 मार्च तक सभी निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने विभागों और बैंकों को समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों में अनावश्यक देरी न हो और स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया को तेज किया जाए।

### जनगणना के कार्य हेतु फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज से होगा प्रारंभ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए इंदौर जिले में फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इंदौर जिले में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय होलकर साइंस कॉलेज, ए.बी. रोड, भंवरकुआँ चौराहे के पास में आयोजित होगा। प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च 2026 तक नगर निगम एवं बाह्यवृद्धि क्षेत्र के लिए तथा 28 मार्च से 30 मार्च 2026 तक जिला स्तर (नगरीय एवं ग्रामीण) के लिए आयोजित किया जाएगा।

# निगम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से नहीं ले रहा टिकट बिक्री रिकॉर्ड, औजला शो में 57 लाख मिले

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में शनिवार 21 मार्च को हुए पॉप सिंगर करण सिंह औजला के हाउसफुल शो को लेकर टैक्स चोरी का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया है। इसके बाद निगम ने थोड़ी सख्ती दिखाई है। आयोजकों ने निगम को पहले 7 लाख रुपए जमा कराए थे। फिर अभी 20 लाख 70 हजार रुपए जमा कराए हैं।

कुल 27 लाख 70 हजार की राशि मिली। वहीं शो की टिकट लगभग 12 करोड़ की बिकी है। इसमें 1 करोड़ की टैक्स चोरी हुई है। इसमें भद पिटने के बाद निगम ने रविवार को सख्ती की। इसके बाद मौके से सामान जब्त किया और आयोजकों से हिसाब मांगा है।



**आयोजकों ने यह हिसाब दिया**– आयोजकों ने फिर निगम को बताया और कबूला कि 7 करोड़ 70 लाख रुपए के टिकट बिके थे। इसमें जीएसटी और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (डिस्ट्रिक्ट) का खर्च हटाने के बाद 5 करोड़ 80 लाख रुपए टिकट कीमत थी। इस पर 10 फीसदी की दर से आयोजकों ने फिर 30 लाख रुपए और जमा कराए। इस तरह निगम को 57 लाख 70 हजार रुपए का टैक्स मिला है।

**अभी भी निगम की चूक, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से लें रिकार्ड**– निगम अभी भी चूक कर रहा है। निगम आयोजकों से उनके सीए की रिपोर्ट मांग रहा है। जबकि सीधे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से रिकार्ड मांगना चाहिए। क्योंकि इसमें हर टिकट का हिसाब मौजूद है। यह सिस्टम हर आयोजन के दौरान निगम को करना चाहिए कि वह सीधे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से ही टिकट बिक्री का पूरा ब्यौरा मांगे। साथ ही आयोजकों से सीधी वसूली करे।

औजला शो में टिकट की दर तीन हजार रुपए से लेकर 6 लाख 49 हजार रुपए तक थी। यह इंदौर में दिलजीत दोसांझ जैसा ही महंगा शो था। इसमें निगम को 80 लाख रुपए का टैक्स मिला था। इस हिसाब से इस आयोजन में लगभग 1 करोड़ रुपए से ज्यादा का टैक्स निगम को मिलना चाहिए था।

# रिजल्ट से पहले ही स्कूल सक्रिय, छात्रों से पूछ रहे– कितने नंबर मिलेंगे?

## सीबीएसई की टू एग्जाम पॉलिसी लागू होगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** •सीबीएसई 10वीं के रिजल्ट से पहले ही बोर्ड ने टू एग्जाम पॉलिसी को लागू करने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी के तहत शहर के स्कूल अब छात्रों से संपर्क कर उनके संभावित अंकों का आंकलन कर रहे हैं। छात्रों से पूछा जा रहा है कि उनका पेपर कैसा गया और किस विषय में कितने अंक आने की संभावना है। बोर्ड ने सभी स्कूलों से दूसरी परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं की संभावित संख्या मांगी है। इसके लिए स्कूलों को 31 मार्च तक एलओसी (लिस्ट ऑफ कैंडिडेट) जमा करना अनिवार्य किया गया है। शहर के 150 से अधिक सीबीएसई स्कूलों ने मई में प्रस्तावित सेकंड बोर्ड परीक्षा के लिए एलओसी तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिजल्ट से पहले ही स्कूल ऐसे छात्रों की पहचान कर रहे हैं, जिनका एक या अधिक विषय का पेपर अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। ऐसे छात्रों की काउंसलिंग भी शुरू कर दी गई है, खासकर गणित और विज्ञान जैसे विषयों में। कई स्कूलों ने इसके लिए विशेष डेस्क बनाई है, जहां शिक्षकों द्वारा छात्रों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। सीबीएसई के अनुसार... सेकंड बोर्ड परीक्षा में छात्र अधिकतम तीन विषयों में शामिल हो सकेंगे। यदि कोई छात्र एक या दो विषय में फेल होता है तो वह उन विषयों के साथ अन्य विषयों में भी सुधार के लिए परीक्षा दे सकता है। 'बेस्ट ऑफ टू' स्कीम के तहत दोनों परीक्षाओं में से बेहतर अंक को ही अंतिम परिणाम में शामिल किया जाएगा।

# पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल का अश्लील वीडियो

## लेकिन एफआईआर नहीं, केवल अटैच किया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में पुलिस लाइन में रहने वाले हेड कांस्टेबल दीपक थापा का चार दिन पहले बेहद अश्लील वीडियो सामने आया। यह वीडियो पड़ोसियों ने ही उनके आतंक से परेशान होकर बनाया था और सोशल मीडिया पर जारी किया। वीडियो में वह घर की बालकनी में अर्धनग्न होकर गंदी हरकत करता दिख रहा है। इसके बाद पहले कार्रवाई पर टालमटोली होती रही। लेकिन आखिर में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह की सख्ती के बाद उसे अधिकारियों ने क्राइम ब्रांच से हटाकर लाइन अटैच कर दिया है।

### एफआईआर क्यों नहीं

अब इस पूरे मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर ही गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस कार्रवाई को महज खानापूर्ति बताया जा रहा है। हालांकि, अधिकारी तर्क दे रहे हैं कि मामले में कोई औपचारिक शिकायतकर्ता नहीं था, इसलिए केवल अटैच करने की सजा दी गई है, नहीं तो केस दर्ज करते। वहीं, दूसरी ओर यह बात उठ रही है कि जब हवाई फायरिंग या खतरनाक ड्राइविंग के वीडियो सामने आते हैं, तब पुलिस खुद ही संज्ञान लेकर केस दर्ज करती है। फिर इस आपत्तिजनक वीडियो के मामले में केवल अटैचमेंट जैसी खानापूर्ति क्यों की गई? सार्वजनिक तौर पर गंदे प्रदर्शन को लेकर केस दर्ज क्यों नहीं हुआ? इस सवाल पर फिलहाल पुलिस अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

### थापा इसके पहले भी विवादित रहा है

थापा पहले भी विवादित रहा है। पुलिस लाइन में रहने वाले लोगों, विशेषकर महिलाओं में उसके प्रति काफी गुस्सा है। उसकी हरकतों से परेशान होकर ही उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला गया था, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही हुई।

### बीजेपी नेता के करीबी होने का लाभ

सूत्रों के अनुसार थापा के एक परिजन बीजेपी नेता के बेहद करीबी है। इसके चलते इस मामले में अधिकारी पहले चुप्पी साधे रहे और जब दबाव बना तो केवल अटैचमेंट जैसी मामूली कार्रवाई कर इसमें चुप्पी साध ली। जबकि इसी तरह से वीडियो वायरल होने पर पुलिस आगे बढ़कर केस दर्ज करती है।

# भ्रामक कॉन्सर्ट वीडियो फैलाने के आरोप में पांच सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एफआईआर दर्ज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • गलत सूचना फैलाने के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए, इंदौर पुलिस ने सोमवार को पांच सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, जिन पर कथित तौर पर एक झगड़े का भ्रामक वीडियो प्रसारित करने का आरोप है। इन अकाउंट्स ने झूठा दावा किया कि हिंसक घटना इंदौर में हाल ही में हुए एक संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई थी, जबकि फुटेज वास्तव में मुंबई में हुए एक पुराने कार्यक्रम का था।

यह कार्रवाई इंदौर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के उन सख्त निर्देशों के बाद की गई है, जिनमें सार्वजनिक शांति भंग करने या तथ्यात्मक रूप से गलत सामग्री फैलाने के लिए सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों पर नजर रखने और उन्हें दंडित करने का निर्देश दिया गया था। 21 मार्च, 2026 को, एक शारीरिक झड़प का वीडियो



इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने लगा। कैप्शन में दावा किया गया था कि यह झगड़ा इंदौर के खजराना पुलिस स्टेशन क्षेत्र में पंजाबी गायक करण औजला के एक कॉन्सर्ट के दौरान हुआ था। इंदौर पुलिस की सोशल मीडिया निगरानी टीम ने वायरल क्लिप की जांच शुरू की। जांच में पता चला कि वीडियो इंदौर का नहीं था, बल्कि मुंबई में हुए एक कॉन्सर्ट का पुराना फुटेज था। भ्रामक पोस्टों ने स्थानीय लोगों में दहशत और भ्रम की स्थिति पैदा कर दी, जिसके चलते अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। पुलिस ने इस फर्जी खबर को शुरू से लेकर अंत तक सबसे ज्यादा फैलाने वाले पांच इंस्टाग्राम अकाउंट की पहचान की है। इस कार्रवाई के बाद, पुलिस ने एक औपचारिक सलाह जारी कर जनता से जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने का आग्रह किया है। सिंह ने कहा, 'सोशल मीडिया पर कोई भी अपुष्ट या भ्रामक जानकारी साझा न करें। किसी भी फोटो, वीडियो या संदेश को 'शेयर' करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की पुष्टि जरूर करें। अफवाहें फैलाना दंडनीय अपराध है। 'सोशल मीडिया सेल हाई अलर्ट पर है और इंदौर के निवासियों में अशांति फैलाने या उन्हें गलत जानकारी देने वाली किसी भी सामग्री पर लगातार नजर रख रही है। इस बीच, इंदौर नगर निगम ने इस कार्यक्रम से मनोरंजन कर के रूप में लगभग 57.50 लाख रुपये का राजस्व वसूल किया है।

## अजब कांग्रेस की गजब कहानी...

# जिसे 6 साल के लिए किया निष्कासित, उसे 6 महीने बाद वापस पार्टी में लेकर दे दिया पद भी

### विवादित नियुक्तियों के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुरू किया विरोध

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में कांग्रेस द्वारा जो नियुक्तियां की जा रही हैं उसका विरोध हर मोर्चे पर हो रहा... महिलाओं को पद ना देने का विरोध हो ही रहा है, वहीं कुछ विवादास्पद नियुक्तियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल लिया... इसी तरह का विरोध वार्ड 26 (नेहरू नगर) से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके कमलेश पटोरिया ने दर्ज किया है... पटेरिया का कहना है कि मेरे वार्ड में कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले विकास जाटवा को मंडल अध्यक्ष बना दिया, तो पार्टी के ही खिलाफ काम करने वाले पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल को शहर महामंत्री के पद पर नियुक्ति दे दी... इस तरह की विवादित नियुक्ति का मैं पूरी तरह से विरोध करते हुए मांग करता हूं कि इन्हें पदों से तत्काल हटाया जाए और जो कांग्रेस के प्रति सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से काम करते हैं उन जमीनी कार्यकर्ताओं को ये पद दिए जाएं... ऐसे लोगों को कांग्रेस में पद देना का कोई औचित्य ही नहीं जिन्होंने पार्टी के नियम विरुद्ध जाकर कार्य किया...

**राहुल गांधी को पत्र लिखकर पूछेंगे नियम**–कमलेश पटेरिया का कहना है कि लगातार की जा रही विवादित नियुक्तियों के संबंध में राहुल गांधी जी को पत्र लिखकर पूछा जाएगा कि वे उनके मिशन सृजन के नियमों को बताएं कि किस आधार पर इस तरह की विवादित नियुक्तियां की जा रहीं... एक तरफ तो कांग्रेस अनुशासन की बात करती है और दूसरी तरफ खउद ही ऐसे विवादित फैसले लेकर अपने नियम तोड़ती है...




*(चित्र – गत पार्षदी के चुनाव में वार्ड 26 से निर्दलीय चुनाव लड़े विकास पी.डी. जाटवा की तख्ती को पकड़ने वाले नव नियुक्त महामंत्री संजय जायसवाल...)*

## यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में भ्रमण, ट्रैफिक सुधार अभियान में पौने दो सौ वाहन चालकों के चालान

# अब मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने वालों पर गिरेगी गाज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सोमवार को पुलिस उपायुक्त यातायात राजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा अधिकारियों एवं यातायात टीमो के प्रभारियों के साथ बैठक कर सुगम यातायात हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए। सभी पेट्रोलिंग टीमों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, व्यस्त बाजारों एवं अधिक यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर अवैध एवं अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण किया गया साथ ही नो. पार्किंग के साथ अब रांग साइड, मोबाइल का उपयोग करते लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों पर भी कार्यवाही की गई।



बड़ा गणपति से टोरी कार्नर, कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड, बड़ा गणपति से कंडिलपुरा, इमली बाजार, अंतिम चौराहा, मरीमाता से बाणगंगा तक कार्रवाई के साथ ही ऑर्बिट मॉल, मल्हार मॉल, सी-21 मॉल के सामने, मालवामिल से पाटनीपुरा, भमोरी, परदेशीपुरा से एलआईजी, रसोमा, विजयनगर क्षेत्र, पलासिया से वाइट चर्च, पलासिया से रीगल, रीगल से दवा बाजार, गिटार से आनद बाज़ार, लैंटर्न से इंडस्ट्री हाउस तक सडक के दोनों तरफभी टीमों ने कार्रवाई की। यशवंत रोड से बैंक टी, सराफा बाजार, शक्कर गली, क्लॉथ मार्केट, खजूरी बाजार, सुभाष चौक पानी की टंकी के सामने पार्किंग, बालाजी टॉवर्स पार्किंग, राजवाड़ा तांगा स्टैंड, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार से क्लॉथ मार्केट, क्लॉथ मार्केट से गोराकुंड तक लगातार भ्रमण कर कार्रवाई की गई। इस दौरान दो दर्जन से ज्यादा वाहन चलाते हुए मोबाइल का उपयोग करने वालों के चालान भी बनाए गए। 175 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही करते हुए सैकड़ों वाहनों को नो पार्किंग क्षेत्रो से हटवाया जा रहा है। पेट्रोलिंग टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात दबाव वाले स्थानों का निरीक्षण किया जाता है तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध व्हील लॉक, क्रेन एवं चालानी कार्यवाही की जाती है।

### रहवासियों के साथ लगातार बैठक भी

ट्रैफिक सुधारने के लिए यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों एवं स्थानीय रहवासियों के साथ लगातार बैठक कर निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने अपील की है कि नियमों का पालन करें और परेशानी से बचें। वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात करने वालों की कई शिकायतें मिल रही हैं। मोबाइल सुनते वाहन चलाने वाले खुद तो हादसों को न्यौता देते हैं दूसरे वाहन चालकों की जान भी आफत में डाल देते हैं। अब इस तरह की कार्रवाई के लिए सीसीटीवी कैमरों के साथ ही ड्रोन से भी पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन : प्लास्टिक नहीं, ग्लास फाइबर से बन रही है सड़क

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन बनाने में प्लास्टिक सरिए का इस्तेमाल किए जाने को लेकर सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियो वायरल हो रहे हैं। उसमें घटिया निर्माण होना बताया गया। अब मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) ने इन वीडियो को गलत बताया है और अधिकारियों ने नई तकनीकी से सड़क बनाने का दावा किया है।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्माण में प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। बल्कि आधुनिक तकनीक से बना ग्लास फाइबर रिइनफोर्स्ड पालीमर (जीएफआरपी) का उपयोग हो रहा है, जो स्टील का उन्नत विकल्प है। विभाग ने प्लास्टिक सरिए वाले वीडियो को भ्रामक बताया है।

**स्टील से बेहतर और टिकाऊ है जीएफआरपी तकनीक**– अधिकारियों का दावा है कि यह सामग्री आइआरसी 137:2022 मानकों के अनुरूप है और गुणवत्ता को ध्यान में रखकर ही अपनाई गई है। जीएफआरपी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें जंग नहीं लगता है, जबकि स्टील समय के साथ खराब हो सकता है। साथ ही यह वजन में हल्का होने के बावजूद ज्यादा मजबूत और टिकाऊ होता है। जीएफआरपी बिजली और गर्मी का संचालन नहीं करता है। इससे यह संवेदनशील स्थानों जैसे पावर प्लांट और अस्पतालों के लिए भी सुरक्षित माना जाता है।



हालांकि इसे साइट पर मोड़ना कठिन होता है, लेकिन इसकी मजबूती और लंबी उम्र इस कमी को संतुलित कर देती है। अब यह तकनीक सिर्फ इस सड़क तक सीमित नहीं है। पुल, फुटओवर ब्रिज, कंक्रीट सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, रेलिंग, क्रैश बैरियर और अन्य संरचनाओं में भी इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

**सोशल मीडिया पर उठाए गए सवालों का जवाब**– एमपीआरडीसी के प्रबंधक गगन भाभर ने बताया कि सड़क निर्माण में उपयोग में लाए जा रहे मटेरियल को लेकर पिछले दो दिनों से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गुणवत्ता को लेकर प्रश्न उठाए गए हैं। इंटरनेट मीडिया में प्रसारित किए गए वीडियो व रील में दिखाए गए प्लास्टिक के सरिए के साथ सड़क निर्माण करना बताया जा रहा है, बल्कि मार्ग में स्टील के मटेरियल (सरिया) के स्थान पर ग्लास फाइबर रिइनफोर्स्ड पालीमर वाले मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।